कार्यालयः केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, बदायूँ।

अनुपयुक्त फर्नीचर एवं लोहा आदि की नीलामी हेतु विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, बदायूँ के अनुपयुक्त फर्नीचर एवं लोहे आदि की खुली बोली के द्वारा सार्वजनिक नीलामी दिनांक 19.09.2024 को सायं 04:30 बजे जनपद न्यायालय, बदायूँ के केन्द्रीय सभागार में नीलामी समिति के समक्ष की जायेगी। नीलामी की शर्तें निम्नवत् हैं-

1. अनुपयुक्त फर्नीचर एवं अनुपयुक्त लोहे आदि की नीलामी "जहाँ है, जैसा है" के आधार पर की जायेगी।
2. प्रत्येक बोलीदाताओं को पाँच हजार रूपयें धरोहर राशि के रूप में बोली आरम्भ होने से पूर्व नजारत कार्यालय में जमा करानी होगी।
3. सर्वोच्च बोली लगाने वाले व्यक्ति को बोली समाप्ति के उपरान्त 1/4 धनराशि नजारत कार्यालय में जमा करानी होगी, जिसके उपरान्त बोली की स्वीकृति की संस्तुति की जायेगी।
4. बोली स्वीकृत होने के उपरान्त शेष 3/4 धनराशि तीन दिवस के अन्दर जमा करनी होगी एवं धनराशि जमा करने पर सामान का कब्जा दिया जायेगा।
5. किसी भी बोली को स्वीकार करने अथवा समस्त बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार बिना किसी कारण बताये जनपद न्यायाधीश, बदायूँ को होगा।
6. अपरिहार्य परिस्थितियों में नीलामी तिथि को स्थगित करने का अधिकार नीलामी समिति को होगा।
7. नीलाम वस्तु / सामान हटाने से पूर्व अनुमन्य प्रभार अर्थात् वस्तु एवं सेवाकर / पंजीयन / स्थानान्तरण/ अनुमति शुल्क नीलामी क्रेता को भुगतान करना होगा।
8. बोलीदाता को अपने रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

उक्त सामान का निरीक्षण सूचना के प्रकाशन के उपरान्त नीलामी दिवस से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 से सायं 05:00 बजे के मध्य नजारत कार्यालय, जनपद बदायूँ में सम्पर्क करके किया जा सकता है।

04/09/24
(सुयश प्रकाश श्रीवास्तव)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
बदायूँ।

प्रतिलिपिः

01. निदेशक, सूचना एवं जन संपर्क विभाग, उ०प्र० लखनऊ (प्रकाशन हेतु)।

प्रतिलिपिः–सहायक नाज़िर को निम्नलिखित सूचनापटो पर चस्पा करने हेतु प्रेषितः–

01.कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बदायूँ।
02.कार्यालय जिलाधिकारी, बदायूँ।
03.कार्यालय तहसीलदार, सदर, बदायूँ।
04.कार्यालय नगर पालिका परिषद, बदायूँ।
05.कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, बदायूँ।
06.रेलवे स्टेशन, बदायूँ।
07.कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बदायूँ।
08 नोडल अधिकारी(कम्प्यूटर) नेट पर अपलोड करने हेतु।
09.शहर अमीन को सूचनार्थ।

04/09/24
(सुयश प्रकाश श्रीवास्तव)
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
बदायूँ।